डीएव्ही रिजनल ट्रेनिंग सेन्टर सीजी जोन के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

सुरजपुर। द शूटर।

डीएव्ही रिजनल ट्रेनिंग सेन्टर सीजी जोन के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल तिलतिवाँ में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के पाँच जिले सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर तथा जशपुर के डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के 165 प्रशिक्षार्थीयों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के समन्वयक पण्डोपारा के प्राचार्य पंकज भारती तथा विश्रामपुर के प्राचार्य हरीश कांत पाठक के द्वारा संचालित कार्यक्रम के महत्व एवं उपयोगिता बताते हुए कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

डीएव्ही के शिक्षकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

*** सरगुजा सम्भाग के पांच जिले के 170 प्रशिक्षार्थी हुए शामिल**

सूरजपुर। द शूटर।

डीएव्ही रिजनल ट्रेंनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ जोन के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्य शाला का आयोजन तिलसिवा में दिनांक 15 जुलाई से 17 जुलाई 2023 तक किया गया। विभिन्न विषयों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें छत्तीसगढ़ के पांच जिले सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर तथा जशपुर के 170 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एआरओ छत्तीसगढ़ जोन मोल्लिका मुखर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के संचालन में 18 डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के प्राचार्यों की भी मुख्य भूमिका रही। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के समन्वयक पंडोपाड़ा के प्राचार्य पंकज भारती तथा विश्रामपुर के प्राचार्य हरीश कांत पाठक की भी भूमिका अहम रही।

डीएव्ही रीजनल ट्रेनिग सेंटर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के संचालित हो रहे सभी 72 डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर का अयोजन राज्य के तीन स्थानों देवरीखुर्द (बिलासपुर), जावंगा (दंतेवाड़ा) और तिलसिवां (सुरजपुर) में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के 5 जिलों के सभी 20 स्कूलों के 170 प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए जिनको 27 प्रशिक्षकों के द्वारा लगातार तीन दिनों तक सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम के अंतर्गत नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में चल रहे विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को कैसे मुख्यधारा में शामिल किया जा सके, इस बिंदु पर विशेष चर्चा और उसके समाधान पर विचार किया गया । इस अवसर पर जिला सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी ललित पटेल और विकासखंड शिक्षा पदाधिकारी विनोद दुबे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, इनके द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया । सभा के अंत में सहायक क्षेत्रीय अधिकारी मोल्लिका मुखर्जी प्राचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए तिलसिवां के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार सिंह सहित सभी स्कूल के स्टाफ की प्रशंसा भी की गई। प्रोग्राम का समापन हरेली पर्व के अवसर पर मुख्य अतिथि सहित डीएव्ही परिवार के प्राचार्य, प्रशिक्षक और प्रशिक्षणार्थी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम को भी संपन्न किया गया ।